जैन युवा समिति अहमदाबाद द्वारा क्षमावाणी पर्व साआनंद संपन्न

सत्येन्द्र जैन, अहमदाबाद। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वस्त्राल अहमदाबाद के जैन युवा समिति के तत्वावधान में गोलालारीय जैन समाज ने क्षमावाणी पर्व आयोजन किया, जिसमें सभी सदस्यों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री हरकिशनजी सिंघई थे। कार्यक्रम में समाज सुधार हेतु विचार, सामूहिक विवाह सम्मेलन विषय पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलचरण के साथ शुरु हुआ तत्पश्चात विश्व प्रख्यात हाऊजी गेम खिलाया गया जिसमें 200 से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। 1 मिनिट में जीतो प्रतियोगिता में काफी बच्चों ने भाग लेकर आनंद लिया। कार्यक्रम में स्वर्ग और नर्क की झांकी की सुंदर नाटिका प्रस्तुत की गयी, जिसका आयोजन श्रीमती अंजना जैन द्वारा किया गया। गोलालारीय जैन समाज की नवीनतम वेबसाइट www.jaingolalariya.org का प्रेजेन्टेशन किया गया। कार्यक्रम का संपूर्ण आयोजन श्री अभयकुमार जैन की अगवानी में किया तथा इसे सफल बनाने में नितेश जैन, संजीव ज्ञानचंद जैन, निलेश जैन, अभिषेक जैन एवं युवा समिति का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

गंजबासौदा के गोलालारीय जैन समाज संगठन के चुनाव संपन्न

शांतिकुमार जैन

अनिल कुमार जैन

रमेश भंडारी

शांतिकुमार जैन, गंजबासौदा। नगर में समाज के चुनाव 5 सितम्बर को संपन्न हुये। चुनाव अधिकारी श्री बाबूलालजी श्री नेमीचंदजी (खजराहावाले), श्री अजयकुमारजी शिक्षक व श्री राकेश कुमारजी मानोरिया द्वारा संपन्न कराये गये। अध्यक्ष पद पर श्री शांतिकुमार जैन, कार्याध्यक्ष श्री अनिलकुमार दिवाकीर्ति, कोषाध्यक्ष श्री रमेशचंद भंडारी, महामंत्री श्री शिखरचंद 'शिखर', उपाध्यक्ष श्री दिनेशकुमार 'गुड़ियाजी', श्री सिद्धार्थ जैन 'भुजंग', मंत्री श्री सिद्धार्थ जैन (वकील सा.), विवाह संयोजक श्री संतोषकुमार (झांसीवाले), सांस्कृतिक संयोजक श्री पवन जैन, श्री सुशील जैन, प्रवक्ता श्री नवीन भंडारी, महिला प्रतिनिधि श्रीमती शिल्पा जैन व कार्यकारिणी सदस्य श्री राकेश मानोरिया, श्री राकेश सर्राफ, श्री विपिन जैन, श्री सनत भंडारी, श्री सुरेन्द्रकुमार जैन 'टिल्लू', श्री अशोककुमार वर्द्धमान वाले, श्री सुभाष सिरोंजवाले, श्री सुरेन्द्रकुमार सिरोंजवाले, श्री संजय भंडारी, श्री अनूप जैन, श्री सुनील बरवाईवाले, सभी पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ।

शिखरचंद 'शिखर'

दिनेशकुमार 'गुड़िया'

सिद्धार्थ जैन 'भुजंग'

सिद्धार्थ जैन

चांदी के विमान में धूमधाम से निकला श्रीजी का चल समारोह

शांतिकुमार जैन, गंजबासौदा । सकल जैन समाज गंज बासौदा के तत्वावधान में पर्यूषण पर्व के समापन पर गाँधी चौक स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर द्वारा श्रीजी का चल समारोह ऐलक श्री 105 सिद्धांतसागरजी महाराज के नेतृत्व में महावीर विहार से प्रारंभ हुआ सुबह 8 बजे चल समारोह महावीर विहार से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होता हुआ घूसरपुरा जैन मंदिर पर समापन हुआ। चल समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे, जो भजन गाते हुए चल रहे थे। रास्ते में श्रीजी की जगह जगह पर आरती समाजजनों ने की। अपने घरों के बाहर रंगोली बनाई। दि. जैन सोशल ग्रुप गंजबासौदा द्वारा रसना (ठंडा पेय) से स्वागत किया गया। श्रीजी की शोभा यात्रा में वीर सेवा दल के दिव्य घोष द्वारा काफी अच्छा प्रदर्शन किया गया। महिलायें भी अपनी मंडली के साथ भजन गाते हुए चल रही थी। चांदी के विमान में श्रीजी को विराजमान कर श्रद्धालुगण कंधो पर उठाकर चल रहे थे। श्रीजी के आगे कुछ भक्तगण चंवर ढुराते हुये चल रहे थे। चल समारोह के समापन पर ऐलकश्री सिद्धांतसागरजी के मंगल प्रवचन हुये व अंत में क्षमावाणी का विशेष कार्यक्रम संपन्न हुआ व रात्रि 8 बजे गंजबासौदा की सभी जैन पाठशालाओं के बच्चों द्वारा शिक्षाप्रद व रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम हुए।

हमारे प्रेरणास्रोत

स्व. स.सि. श्री नन्दनलालजी जैन 'दिवाकीर्ति'

जन्म 11/4/1936 स्वर्गवास 14/8/2012

याद आपकी आती है
अरू आंखें भर भर जाती हैं
प्रतिदिन स्मरण आपका हम करते हैं
जो मार्ग प्रशस्त किया था आपने
उस मार्ग पर चलने का प्रण आज हम करते हैं।

प्रथम पुण्यतिथि पर शत् शत् नमन

।। श्रद्धावनत् ।।
* अनिल प्रिंटिंग प्रेस, गंजबासौदा (म.प्र.)
* जवाहरलाल नेहरु स्मृति महाविद्यालय परिवार, गंज बासौदा (म.प्र.)
* आदिनाथ शिक्षण महाविद्यालय परिवार, नागपुर (महा.)
* पार्श्वनाथ वेल्ड वायर्स प्रा.लि. नागपुर (महा.)
* नंदन चिल्ड्रन हॉस्पिटल, नागपुर (महा.)

।। श्रद्धांजली ।।

माता पिता की कमी कोई पाट नहीं सकता।
ईश्वर भी इनके आशीषों को काट नहीं सकता।।
दुनियां में किसी भी देवता का स्थान दूजा है।
माता-पिता की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है।।

स्व. श्री हेमचंदजी मोदी

जन्म – 18/09/1934 अवसान – 10/09/2013

पुत्र –
डॉ. राजेश–रानी मोदी
नीलेश–नीतू मोदी
ब्रजेश–प्रीति मोदी

पुत्री –
माधवी–राजेश जैन
कामिनी–अनिल जैन

पोत्र–पोत्री –
अनिमेष मोदी, पुनीत मोदी, अर्पिता मोदी,
अर्चिता मोदी, वैभवी मोदी, देवांशी मोदी, भव्या मोदी

नातिन – खुशी जैन

अनुरोध – आपके नगर में आयोजित कार्यक्रमों की सचित्र जानकारी व किसी भी धार्मिक, सामाजिक कार्यों में अपने समाज सदस्यों की सहभागिता है तो खबर हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है। ऐसी खबरों की सचित्र जानकारी हमें PDF/JPEG के साथ अपना व शहर का नाम लिखकर Email : rajendra.bagoo@gmail.com पर भेजे। यदि आप ओपन फाईल भेजते है तो MS Word फाईल के कृति फान्ट में ही भेजे ताकि समाचार को पत्रिका में शामिल किया जा सके।